द संस्कार वैली स्कूल को मिला सर्वश्रेष्ठ स्कूल का सम्मान

शिक्षा जगत में उभरते हुए सिर्फ नौ साल में लगातार दूसरी बार देश के टॉप-10 स्कूलों में स्थान बनाया है।

• दिल्ली में आयोजित एक समारोह में संस्कार वैली स्कूल को सम्मानित करते हुए।

TSVS ACHIEVEMENT

सिटी रिपोर्टर • द संस्कार वैली स्कूल, भोपाल को एक बार फिर देश के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों में शामिल किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में देश की ख्यातनाम पत्रिका एजुकेशन वर्ल्ड द्वारा किए सर्वे के मुताबिक, 14 विभिन्न श्रेणियों में से एक 'डे-कम-बोर्डिंग' श्रेणी में संस्कार वैली स्कूल को सर्वश्रेष्ठ स्कूलों में स्थान मिला है। नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में स्कूल को यह अवॉर्ड दिया गया।

प्रिंसिपल डॉ. अमलान कृष्ण साहा ने इस सफलता को अभिभावकों के विश्वास, विद्यार्थियों के जोश व जुनून, शिक्षकों के नवाचार व रचनात्मक शिक्षण और स्कूल की दूरदर्शी नीतियों का सुखद परिणाम बताकर सभी का आभार किया। गौरतलब है कि द संस्कार वैली स्कूल साल 2006 में नई संकल्पना के साथ भोपाल में आरंभ हुआ था। स्कूल ने शहर के शिक्षा जगत में उभरते हुए सिर्फ नौ साल में लगातार दूसरी बार देश के टॉप-10 स्कूलों में स्थान बनाया है। वह स्कूल डेली कॉलेज, इंदौर और डीपीएस आरकेपुरम जैसे प्रतिष्ठित स्कूलों की गिनती में आ गया है। पत्रिका के संपादक दिलीप ठाकोरे ने जिक्र किया था कि यह स्कूल देश के शिक्षा जगत में तेजी से उभरता हुआ सितारा है।

लगातार दूसरे साल टॉप-10 में जगह बनाना स्कूल के लिए बड़ी उपलब्धि है। यह महज संयोग नहीं बल्कि विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्कूल प्रबंधन समिति के नवाचार और उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयास का परिणाम है। विगत आठ वर्षों से एजुकेशन वर्ल्ड ने अपने ताजा अंक में श्रेष्ठता क्रम संबंधी उक्त आंकड़े देश की विश्वसनीय और जानी-मानी सर्वे कंपनी सी-फोर के साथ मिलकर, नामी-गिरामी स्कूलों के 11 हजार 660 अभिभावकों, प्राचार्यों, शिक्षकों और वरिष्ठ छात्रों से रायशुमारी करके प्रकाशित किए हैं।

एनुअल वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग अकेली ऐसी एजेंसी है, जो शिक्षा जगत में उत्कृष्टता के 14 पैमानों से देश के जाने माने प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का मूल्यांकन करती है और श्रेष्ठता की कसौटी में कसकर सर्वश्रेष्ठता के आधार पर स्कूलों को विविध पायदानों पर विभूषित करती है।